हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें

Web:- www.jokhimnews.com

सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "अ" श्रेणी में सूचीबद्ध


# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 141 | हल्द्वानी (नैनीताल) शनिवार 04 अप्रैल 2026 | मूल्य रू 2 | पृष्ठ : 8

## अवैध तरीके से जमीन बेचने के मामले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाया

नैनीताल(संवाददाता)। रामनगर के ढेला बंदोबस्ती गांव में अवैध तरीके से जमीन बेचने के मामले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर ललित मोहन रयाल की अदालत ने 1.170 हेक्टेयर भूमि को राज्य सरकार में निहित करने का आदेश दिया है।क्या है पूरा मामला?जांच में सामने आया कि साल 1993 में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों ने अपनी जाति छुपाकर सामान्य वर्ग के व्यक्ति को जमीन बेच दी थी।सबसे अहम बात यह रही कि बैनामा और मुख्तारनामे ख्र दोनों में जाति का जिक्र नहीं किया गया, जो नियमों के खिलाफ है।बाद की जांच में परिवार रजिस्टर और प्रमाण पत्र से यह साबित हुआ कि विक्रेता अनुसूचित जाति वर्ग से थे। ऐसे मामलों में बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति जमीन बेचना कानूनन गलत होता है।सरकार बनाम सीताराम आदि केस में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए साफ किया की जाती जन्म से तय होती है इस आधार पर यह सौदा अवैध मन जाता है. इसके बाद न्र्दे।स्त ।बज की धारा 157 के तहत कार्रवाई करते हुए जमीन को सरकार के नाम कर दिया गया।अदालत ने ैक्ड रामनगर को निर्देश दिए हैं कि;राजस्व रिकॉर्ड में तुरंत बदलाव किया जाए साथ ही जमीन का कब्जा सरकार के नाम सुनिश्चित किया जाए।यह कार्रवाई साफ संकेत देती है कि अवैध जमीन सौदों और नियमों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं होगी। प्रशासन ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई कर रहा है।





## भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट

रामनगर (संवाददाता)। भाजपा के वरिष्ठ नेता मनीष खंडूरी से भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की।भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि इस दौरान समसामयिक राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई। उनके अनुभवपूर्ण विचारों और मार्गदर्शन से बहुत कुछ सीखने को मिला।उनकी दूरदर्शी सोच और जनसेवा के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणादायी रहा है। ऐसे अनुभवी व्यक्तित्व से संवाद करना वास्तव में ऊर्जा और नई दिशा प्रदान करता है।



## कांग्रेस नेता पुष्कर नयाल ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया

हल्द्वानी (संवाददाता)। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता पुष्कर नयाल ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। हल्द्वानी में पत्रकार वार्ता करते हुए पुष्कर नयाल ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य लाखन नेगी को कांग्रेस में शामिल किए जाने से कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि वह खुद भीमताल विधानसभा सीट से पार्टी के दावेदार थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें दरकिनार कर लाखन नेगी को सदस्यता दिला दी। नयाल ने बताया कि इस फैसले का भीमताल विधानसभा क्षेत्र में विरोध हो रहा है और कार्यकर्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी की है, जिसके चलते उन्हे इस्तीफा देना पड़ रहा है।



## शहर की मालरोड में लगे जाम के बीच भाजपा नेता के बेटे ने गाड़ी का हूटर बजाकर हेकड़ी दिखाई



नैनीताल (संवाददाता)। उत्तराखंड के नैनीताल में से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां शहर की मालरोड में लगे जाम के बीच भाजपा नेता के बेटे ने गाड़ी का हूटर बजाकर हेकड़ी दिखाई। विरोध करने पर एसडीएम से अभद्रता का भी आरोप लगा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को सीज कर दिया है।मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को नैनीताल के माल रोड में वाहनों की भीड़ थी। जिस वजह से लंबा जाम लग गया। इस दौरान वहां से गुजर रही एक गाड़ी का हूटर जोर-जोर से बजाया गया। गाड़ी के ठीक पहले एसडीएम की कार थी। किसी वीआईपी के होने की संभावना को देखते हुए साइड दे दी। लेकिन हूटर लगातार बजता रहा। जिस पर एसडीएम ने विरोध जताया। तभी गाड़ी में बैठा विधायक का बेटा राजनीतिक पहुंच का हवाला देते हुए अभद्रता पर उतर आया।इस दौरान विधायक पुत्र और एसडीएम के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। घटना की जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गाड़ी से संबंधित जानकारी ली गई। जिसमें बताया गया कि उत्तर प्रदेश के जहानाबाद विधानसभा के भाजपा विधायक राजेंद्र पटेल का वाहन है।

## ऑपरेशन प्रहार के तहत अल्मोड़ा पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

अल्मोड़ा (संवाददाता)। जिले में श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत पुलिस ने तड़के सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की सक्रियता नजर आई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग और अधूरे दस्तावेजों के साथ वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 78 वाहनों के चालान किए गए। इसके अलावा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए सख्त हिदायत भी दी गई।

## बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई

हल्द्वानी (संवाददाता)। /कठघरिया (बच्चीनगर) क्षेत्र से एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ गेहूं की कटाई के दौरान एक 11 वर्षीय मासूम की पानी से भरे गहरे गड्ढे (पिट) में गिरने से मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब बच्चा अपने परिवार की काम में मदद कर रहा था।मूल रूप से बदायूं (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले चंद्रभान कश्यप का परिवार कठघरिया के बच्चीनगर में किराए पर रहता है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुँचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।चंद्रभान कश्यप (मिस्त्री) के परिवार ने खेत में गेहूं कटाई का ठेका लिया था। उनका 11 वर्षीय छोटा बेटा सौरभ कश्यप भी परिवार के साथ हाथ बँटा रहा था।गेहूं की पौध के बंडल बनाने के लिए उन्हें पानी में भिगोना पड़ता है। सौरभ बंडल लेकर पास ही बन रही दुकानों के लिए खोदे गए 8 फीट गहरे पिट (गड्ढे) के पास पहुँचा।

# संपादकीय

## डेमोग्रैफिक डिविडेंड गंवा देने का खतरा

जो देश अपनी युवा श्रमशक्ति का पूरा उपयोग नहीं कर पाते, उनके संबंध में आम समझ है कि वे धनी होने से पहले बूढ़ा हो जाते हैं। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर डेमोग्रैफिक डिविडेंड गंवा देने का खतरा मंडरा रहा है।युवा आबादी के संभावित लाभ को भारत गंवाने जा रहा है- यह निष्कर्ष है अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के श्भारत में कामकाज की स्थिति-2026‘ रिपोर्ट का। इसके मुताबिक 2030 में युवा आबादी (15- 29 वर्ष) अपनी चरम संख्या पर पहुंच जाएगी। उसके बाद इसमें गिरावट आने लगेगी। फिलहाल 36.7 करोड़ युवा इस उम्र वर्ग में हैं, जो कुल कामकाजी उम्र की आबादी का एक तिहाई हिस्सा है। मगर उनमें से 26.3 करोड़ ना शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, ना रोजगार में हैं। अतः उनके श्रमशक्ति का हिस्सा बनने की संभावना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, श्आने वाले दशक में युवा पीढ़ी के लिए रोजगार सृजन की गति यह तय करेगी कि डेमोग्रैफिक डिविडेंड आर्थिक लाभ में तब्दील होता है या नहीं।मगर रोजगार की सूरत यह है कि सिर्फ सात प्रतिशत पुरुष स्नातकों को डिग्री लेने के बाद पहले साल में नियमित वेतन वाली नौकरी मिल पाती है। ह्वाइट कॉलर जॉब्स की बात करें, तो यह संख्या महज 3.7 फीसदी है। तो रिपोर्ट में कहा गया है- श्ये संख्याएं चिंताजनक सूरत की झलक हैं। सुरक्षित ह्वाइट कॉलर जॉब ढूंढना अत्यधिक दुर्लभ घटना बनी हुई है।‘ वैसे चिंताजनक अनेक अन्य आंकड़े भी रिपोर्ट में हैं। उनमें एक बेरोजगार स्नातकों की विस्फोटक ढंग से बढ़ती गई संख्या है। 2004 में 30 लाख स्नातक बेरोजगार थे। यह संख्या 2011 में 40 लाख पहुंच गई। 2011-17 में इसमें बेहद तेज रफ्तार से बढ़ोतरी हुई। 2023 तक ये तदाद एक करोड़ 10 लाख तक पहुंच चुकी थी। इन स्थितियों के साथ कोई देश आर्थिक महाशक्ति बनने की कैसी उम्मीद जोड़ सकता है? जो देश अपनी युवा श्रमशक्ति का पूरा उपयोग नहीं कर पाते, उनके संबंध में आम आर्थिक समझ है कि वे धनी होने से पहले बूढ़ा हो जाते हैं। विश्व बैंक की श्रेणी के मुताबिक भारत लगभग तीन हजार डॉलर सालाना प्रति व्यक्ति आय के साथ अभी भी निम्न- मध्यम आय वर्ग वाला देश है। यानी धनी होने के पहले उसे उच्च मध्य वर्ग की श्रेणी (4,500 से 14000 डॉलर) पार करनी है। जबकि युवा आबादी की संख्या में वृद्धि के अब सिर्फ चार साल बाकी हैं।

# भाजपा को मिली कामयाबी

हरिशंकर व्यास

बिहार में नीतीश कुमार का शासन नरेंद्र मोदी के लिए दुखती रग की तरह था। आखिर नीतीश एनडीए के इकलौते नेता थे, जिन्होंने 2013 में मोदी को एनडीए की चुनाव समिति का प्रमुख और बाद में प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाए जाने का विरोध करते हुए एनडीए छोड़ा था। इसके बाद वे अकेले चुनाव लड़े और मोदी ने रामविलास पासवान और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी से तालमेल करके चुनाव लड़ा। उस चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। उसने अकेले 243 सीटें मिलीं और एनडीए ने 32 सीटें जीतीं। नीतीश कुमार की पार्टी दो सीटों पर सिमट गई। तो मोदी को लगा कि उन्होंने नीतीश को हैसियत दिखा दी। नीतीश को भी हकीकत का अहसास हुआ तो उन्होंने 2015 के विधानसभा चुनाव में अपने धुर विरोधी लालू प्रसाद और कांग्रेस से तालमेल कर लिया।

नवंबर 2015 से पहले होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जुलाई के महीने में नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री बिहार के मुजफ्फरपुर में एक सभा करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने नीतीश कुमार के डीएनए पर सवाल उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीतीश के डीएनए में गड़बड़ी है। इसके चार महीने के बाद चुनाव में नीतीश और लालू की जोड़ी ने भाजपा और उसके सहयोगियों को बुरी तरह से हराया। मोदी प्रधानमंत्री थे और अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा गठबंधन को बिहार की 243 में से सिर्फ 59 सीटें मिलीं। इस हार ने मोदी और शाह को मजबूर किया कि वे नीतीश के साथ फिर से तालमेल करें। झक्ख मार कर उन्हें नीतीश को एनडीए में लाना पड़ा और मुख्यमंत्री बनाना पड़ा। मोदी और शाह की नीतीश के प्रति कैसी कुंठा या खुन्नस थी यह 2020 के चुनाव में फिर दिखा। डीएनए पर सवाल उठाने के बाद वाले चुनाव में भाजपा ने नीतीश को निपटाने का पूरा प्लान बनाया और चिराग पासवान को गठबंधन से अलग चुनाव लड़वाया। चिराग को सारे संसाधन भाजपा ने दिए यहां तक कि ज्यादातर उम्मीदवार भी भाजपा ने ही दिए, जो बाद में फिर भाजपा में लौट आए। चिराग को चुनाव नहीं जीतना था, बल्कि नीतीश को हरवाना था। इसमें काफी हद तक कामयाबी मिली। लेकिन नतीजे भाजपा के मनमाफिक नहीं आए। नीतीश तो 43 ही सीट जीत पाए लेकिन दूसरे ओर राजद 75 सीट जीत कर सबसे बड़ी पार्टी बन गई। महागठबंधन को 110 सीटें मिल गईं। सो, फिर मजबूरी हो गई कि नीतीश को सीएम बनाया जाए। हालांकि इसके बावजूद भाजपा को हैसियत दिखाने के लिए नीतीश एक बार फिर राजद के साथ जाकर सरकार बनाई। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट किया और श्इंडिया‘ ब्लॉक का गठन भी कराया। फिर मजबूरी में भाजपा को नीतीश कुमार की वापसी करानी पड़ी और बराबर सीटें देकर समझौता करना पड़ा।भाजपा को नीतीश का शुक्रगुजार होना चाहिए था कि उनकी वजह से बिहार में एनडीए को लोकसभा में 30 सीटें मिलीं और विधानसभा में 202 सीटों का प्रचंड बहुमत मिला। लेकिन 2013 से ही नीतीश को खत्म करने की ग्रंथि पाले भाजपा नेताओं ने शुक्रगुजार होने की बजाय पहला मौका मिलते ही उनको निपटा दिया। इस बार विधानसभा चुनाव में नीतीश की पार्टी 85 सीटों पर जीती लेकिन विधानसभा का गणित ऐसा बन गया कि नीतीश के लिए दूसरे पाले में जाकर सरकार बनाना मुश्किल हो गया। दूसरे, भारत की राजनीति के सबसे अधिक कैलकुलेटिंग माइंड वाले नेता नीतीश कुमार की मानसिक अवस्था बिगड़ गई। वे भूलने की बीमारी से ग्रस्त हो गए। तभी भाजपा ने उन पर अंतिम वार किया और निपटा दिया। नीतीश को और उनकी राजनीति को समाप्त करने का प्रयास पिछले 13 साल से किया जा रहा था। कामयाबी तब मिली, जब उनकी मानसिक दशा बिगड़ी। भाजपा ने उनके लाचार होने का फायदा उठा कर बेहद अपमानजनक तरीके से उनको मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाने का बंदोबस्त किया और अपना मुख्यमंत्री बनाने की व्यवस्था की।

# पता नहीं आत्मनिर्भर भारत कब बनेगा

अजीत द्विवेदी

दस साल हो गए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सात फरवरी 2016 को ओडिशा के पारादीप में भारत की सबसे बड़ी पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन यानी आईओसी की एक रिफाइनरी का उद्घाटन करते हुए यह बात कही थी। उन्होंने उस समय एक लक्ष्य भी तय किया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि 2022 तक भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए विदेशी निर्भरता को 10 फीसदी तक कम करेगा। उस समय भारत 80 फीसदी से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता था।

आज 10 साल बाद भारत का कच्चे तेल का आयात 85 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यानी जहां दस फीसदी आयात कम होना था वहां पांच फीसदी बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने आयात पर निर्भरता 10 फीसदी घटाने के लक्ष्य के साथ साथ यह भी कहा था कि ऊर्जा जरुरतों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने चार क्षेत्र बताए थे, जहां काम किया जाना था। इसमें इथेनॉल मिश्रण, इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों को बढ़ाना और तेल, गैस आदि की खोज को प्रोत्साहित करना शामिल था।

सोचें, 10 साल पहले ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात प्रधानमंत्री के मुंह से सुनना कितना अच्छा लगा होगा! उसमें भी तात्कालिक लक्ष्य आयात में 10 फीसदी की कमी का रखा गया था। एक ब्लूप्रिंट भी पेश किया गया। लेकिन 10 साल के बाद देश कहां पहुंचा? आज स्थिति यह है कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए दूसरे देशों पर पहले से ज्यादा निर्भर हो गया है। ऐसा नहीं कि सिर्फ तेल के मामले में भारत की निर्भरता बढ़ी है। हकीकत यह है कि जिस नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भारत को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने का संकल्प किया गया था उनके लिए भी भारत दूसरे देशों पर निर्भर है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देना है पर उसकी लिए बैटरी और दूसरी कई तकनीकी चीजें चीन से आएंगी। इसी तरह नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का मामला है तो उसके लिए भी सोलर प्लेट्स में लगने वाले कल पुर्जे और दूसरे उपकरण चीन से आएंगे। सोचें, हम तेल के साथ साथ वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के मामले में भी दूसरे देशों पर निर्भर हो गए हैं।

ऐसा नहीं है कि 10 साल में इन क्षेत्रों में कोई काम नहीं हुआ। लेकिन थोड़े से काम होने से तो देश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं बन जाएगा? जब प्रधानमंत्री ने कहा कि तेल आयात में 10 फीसदी की कमी की जाएगी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की ओर बढ़ा जाएगा तो निश्चित रूप से उनके दिमाग में कोई योजना होगी, लंबे समय की कोई प्लानिंग होगी! फिर किसने उनको उस योजना पर काम नहीं करने दिया? ऐसा तो नहीं हो सकता है कि आत्मनिर्भरता की योजना के नाम पर थोड़ा सा उत्पादन बढ़ाने की योजना हो? जब इतनी बड़ी घोषणा की जाती है तो उसे पूरा करने के लिए उतना ही बड़ा प्रयास करना होता है। उस प्रयास में स्पष्ट कमी दिख रही है। ऐसा लग रहा है कि समय समय पर इस तरह की बातें करके प्रधानमंत्री ने लोगों को भरोसा तो दिया कि वे देश की समस्या को समझ रहे हैं और उसका समाधान करना चाहते हैं। लेकिन समाधान की दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया। उन्होंने 2016 के बाद तेल आयात कम करने और ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात अनेक बार कही। लेकिन सवाल है कि क्या वे देख नहीं रहे थे कि उनकी बातों या दावों में और देश की वास्तविकता में कितना अंतर है?आज जब संकट देश के सामने आया तो सबका ध्यान इस वास्तविकता की ओर गया है। ईरान में जंग शुरू हुए 12 दिन हुए हैं और भारत में हाहाकार मचा है। भारत सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम यानी एस्मा लागू करना पड़ा है। हालांकि रसोई गैस का मामला कालाबाजारी का भी है। लेकिन यह भी सही है कि किल्लत बढ़ रही है क्योंकि भारत अपनी एलपीजी की जरुरतों का 80 फीसदी से ज्यादा खाड़ी के देशों से आयात करता है और उसके भंडारण की भी वैसी व्यवस्था देश में नहीं है, जैसी कच्चे तेल के लिए है। इसलिए संकट तो है।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# सूबे के सहकारी बैंक का लाभ बढ़कर हुआ 269 करोड़ : डॉ. धन सिंह रावत

**– राज्य व जिला सहकारी बैंकों की 290 शाखाओं ने कमाया मुनाफा**
**– कहा, कुशल वित्तीय प्रबंधन से 39.88 करोड़ कम हुआ बैंकों का एनपीए**

देहरादून(संवाददाता)। सूबे के राज्य सरकारी बैंकों एवं जिला सहकारी बैंकों की 290 शाखाओं ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर अपनी वित्तीय मजबूत कर 269.72 करोड़ का लाभ अर्जित किया है। एनपीए नियंत्रण के मोर्च पर भी बैकों ने सख्त वित्तीय अनुशासन दिखाते हुये 39.88 करोड़ का एनपीए कम किया है, जोकि विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में 6 फीसदी से अधिक कम हुआ है। सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों के चलते प्रदेश में सहकारी बैंकों का वित्तीय प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दस जनपदों के जिला सहकारी बैंकों व राज्य सहकारी बैंकों की 290 शाखाएं लाभ की स्थिति में पहुंच गई है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष यह संख्या 280 थी। डॉ. रावत ने बताया कि इस अवधि में सहकारी बैंकों ने 269.72 करोड़ का लाभ अर्जित कर 150.82 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 28.96 करोड़ अधिक है। विभागीय मंत्री ने बताया कि सहकारी बैंकों की बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता, ऋण वितरण में सुधार तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया। एनपीए की समयबद्ध वसूली के परिणामस्वरूप बैंकों की वित्तीय स्थिति लगातार सुदृढ़ हो रही है साथ ही एनपीए में भी उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष बैंकों का सकल एनपीए जहां 690.11 करोड़ था वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह कम होकर 650.23 करोड़ रहा गया है यानी विगत वर्ष के मुकाबले 6.22 फीसदी सकल एनपीए में कमी दर्ज की गई है। जिसके चलते बैंकों का शुद्ध एनपीए जहां विगत वर्ष 183.87 करोड़ था वह घटकर अब 173.65 करोड़ रह गया है। डॉ. रावत ने बताया कि सहकारी बैंकों का वित्तीय प्रदर्शन प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिये बेहद सकारात्मक संकेत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सख्त एनपीए वसूली नीति और पारदर्शी व्यवस्था का लाभ आम लोगों को मिल रहा है। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश में सहकारी क्षेत्र को और मजबूत बनाने के लिये डिजिटल बैंकिंग, आधुनिक तकनीक और वित्तीय प्रबंधन पर और बेहतर ढंग से काम किया जायेगा, ताकि सहकारी बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ बन सके।लाभ की स्थिति में 290 बैंक शाखाएं सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सहकारी बैंकों में बेहतर वित्तीय प्रबंधन के चलते वित्तीय वर्ष 2025-26 में 290 बैंक शाखाएं लाभ की स्थिति में आ गई है। जिसमें जनपद देहरादून की 21, कोटद्वार 29, चमोली 30, उत्तरकाशी 17, हरिद्वार 22, ऊधमसिंह नगर 32, नैनीताल 36, टिहरी 37, पिथौरागढ़ 26 तथा अल्मोड़ा की 28 बैंक शाखाओं सहित राज्य सहकारी बैंक की 12 शाखाएं शामिल है। जबकि प्रदेश भी की 41 सहकारी बैंक शाखाएं घाटे में रही। डॉ. रावत ने कहा कि इन बैंक शाखाओं को घाटे से उभारने के लिये पृथक से और प्रयास करने पड़ेंगे इसके लिये उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ठोस रणनीति बनाने के भी निर्देश दिये।मजबूत वित्तीय प्रबंधन से सहकारी बैंकों ने कमाया मुनाफा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य एवं जिला सहकारी बैंकों ने बेहतर वित्तीय प्रदर्शन कर अच्छा 269.28 करोड़ का लाभ अर्जित किया है। जिसमें देहरादून जनपद में जिला सहकारी बैंकों ने 29.11 करोड़ का सकल लाभ उठाया। इसी प्रकार कोटद्वार में 30 करोड़, चमोली 31.79, उत्तरकाशी 25.12, हरिद्वार 9.32, ऊधमसिंह नगर 25.24, नैनीताल 22.65, टिहरी 31.12, पिथौरागढ़ 21.65 तथा अल्मोड़ा में 16.91 करोड़ जबकि राज्य सहकारी बैंकों ने 26.37 करोड़ का सकल लाभ अर्जित किया।

## भाजपा राज्य में बेहतर हुई अल्पसंख्यकों की स्थितिः अनिज गौड़

देहरादून(संवाददाता)। उत्तराखंड अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिज गौड़ और मीडिया संयोजक युसूफ मलिक का मसूरी पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी और अल्पसंख्यक मोर्चा के मसूरी मंडल अध्यक्ष ने भव्य स्वागत किया। अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनिज गौड़ ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने का आह्वान किया।कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा के शहर अध्यक्ष जगजीत कुकरेजा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प कुछ और शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। माल रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिज गौड़ ने कहा कि कांग्रेस के राज में अल्पसंख्यकों की स्थिति किसी से छिपी नहीं रही है लेकिन जब 2014 के बाद केंद्र में नरेंद्र मोदी और राज्य में सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार का गठन किया गया है। अल्पसंख्यक समाज की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं और उसका लाभ अल्पसंख्यकों को मिल रहा है।इससे उनकी आय के साथ ही उनका जीवन स्तर भी सुधर है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक लगातार भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं और भाजपा की प्रति और नीति से प्रभावित होकर भाजपा में उनका विश्वास बढ़ा है।

## संक्षिप्त समाचार...

### उपसेना प्रमुख (रणनीति) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने की सीएम से शिष्टाचार भेंट

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उप सेना प्रमुख (रणनीति) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के मध्य विभिन्न समसामयिक एवं सामरिक विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती राज्य में विकास, आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और भारतीय सेना के बीच बेहतर समन्वय से राज्य के विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

### गैस सिलिंडर न मिलने से आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम, एजेंसी और विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

देहरादून(संवाददाता)। देहरादून में गैस सिलिंडर की आपूर्ति न होने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार को शिमला बाईपास पर आक्रोशित भीड़ ने जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। झींवरहेड़ी क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और गैस एजेंसी संचालक व आपूर्ति विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस और प्रशासन को जाम खुलवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल हो गया था। अंततः अधिकारियों के हस्तक्षेप और समझाने-बुझाने के बाद जाम खोला जा सका। लोगों का कहना था कि लंबे समय से गैस सिलिंडर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं, जिससे घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है। आक्रोशित जनता ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### वरुण कांडपाल ने बढ़ाया दून ग्लोबल स्कूल का मान

देहरादून(संवाददाता)। दून ग्लोबल स्कूल के छात्र वरुण कांडपाल ने 11वीं यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी देहरादून में 2 से 4 अप्रैल तक लम्हे 2026 के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के दौरान वरुण कांडपाल ने संयुक्त राष्ट्र महासभा समिति में भारत का प्रतिनिधित्व किया और वैश्विक मुद्दों, कूटनीति व संसदीय प्रक्रियाओं पर अपनी प्रभावशाली समझ का परिचय दिया। आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी के निर्णायक मंडल और आयोजन समिति ने वरुण कांडपाल के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

### 114 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

ऋषिकेश(संवाददाता)। निर्मल आश्रम अस्पताल में शुक्रवार को 18वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 114 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। शुक्रवार को नेपाली फार्म खैरी कलां समीप स्थित निर्मल आश्रम में परिवर्तन चौरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ आश्रम के महंत बाबा राम सिंह महाराज ने किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को जीते जी रक्तदान एवं मरणोंपरांत नेत्रदान का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर दुनियां में कोई दूसरा कार्य नहीं है। आश्रम के व्यवस्थापक संत जोध सिंह महाराज ने चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निर्मल आश्रम की ओर से चल रहे जन कल्याणकारी कार्यों को जारी रखने का आश्वासन दिया। अस्पताल चिकित्सा निदेशक डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि संस्था की ओर से साल में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस कड़ी में यह 18वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर है।

# मौसम विभाग ने किया पांच जनपदों के लिए आरेंज अलर्ट जारी

**– गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना**

देहरादून(संवाददाता)। भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार दिनांक 04 अप्रैल, 2026 को उत्तराखण्ड राज्य के जनपद उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने, ओलावृष्टि तथा झोंकेदार हवाएं (40-50 किमी/घंटा, जो बढ़कर 60 किमी/घंटा तक) चलने की संभावना व्यक्त की गई है। उक्त जनपदों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि अन्य जनपदों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम विभाग द्वारा जारी एलर्ट के दृष्टिगत राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र देहरादून द्वारा संबंधित जनपदों को सावधानी बरतने हेतु पत्र जारी किया गया है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि मौसम की स्थिति को देखते हुए पर्वतीय क्षेत्रों में ट्रैकिंग गतिविधियों को प्रतिकूल मौसम के दौरान प्रतिबंधित/नियंत्रित रखा जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में आवागमन को नियंत्रित करते हुए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता बनाए रखी जाए तथा किसी भी आपदा/दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थानीय कार्रवाई के साथ सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाए। आपदा प्रबंधन की आईआरएस प्रणाली के अंतर्गत नामित समस्त अधिकारी एवं विभागीय नोडल अधिकारी हाई अलर्ट पर रहें तथा सभी संबंधित विभाग सक्रिय रूप से फील्ड में कार्यरत रहें। इसके साथ ही मोटर मार्ग बाधित होने की स्थिति में तत्काल बहाली सुनिश्चित करने, राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों की क्षेत्र में सक्रिय उपस्थिति बनाए रखने तथा सभी चौकियों/थानों में आपदा प्रबंधन संबंधी उपकरण एवं वायरलेस प्रणाली के साथ हाई अलर्ट बनाए रखने को कहा गया है। इस अवधि में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के मोबाइल/फोन स्विच ऑफ न रहने, अधिकारियों द्वारा आवश्यक उपकरण जैसे बरसाती, छाता, टॉर्च, हेलमेट आदि अपने स्तर पर उपलब्ध रखने तथा संभावित स्थिति में लोगों के फंसने पर खाद्य सामग्री एवं चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है। पत्र में यह भी अपेक्षा की गई है कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक सावधानी बरती जाए, असामान्य मौसम एवं भारी वर्षा की चेतावनी के दौरान उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटकों के आवागमन को नियंत्रित किया जाए तथा नगर एवं कस्बाई क्षेत्रों में नालियों एवं कल्वर्ट के अवरोधों को हटाकर जल निकासी व्यवस्था सुचारू रखी जाए। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने आम जनमानस से मौसम संबंधी चेतावनियों को गंभीरता से लेने, सुरक्षित स्थानों पर रहने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# पोखड़ा के गांव भतकोट में गुलदार ने बच्ची को मार डाला

कोटद्वार(संवाददाता)। पोखड़ा ब्लॉक के अंतर्गत ग्रामसभा गडरी (कोलागाड) के भतकोट गांव में बृहस्पतिवार रात घर की चौखट पर खाना खा रही चार वर्षीय मासूम बच्ची पर गुलदार ने हमला कर उसे मार डाला। बच्ची का क्षत विक्षत शव घर से करीब दो किलोमीटर दूर पड़ा मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गुस्साए ग्रामीणों ने देर रात वनकर्मियों व पुलिस के सामने हंगामा किया। डीएम और डीएफओ को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए उन्होंने शव नहीं उठने दिया। शुक्रवार सुबह चौबट्टाखाल की एसडीएम और गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ ने पहुंचकर घर के पास ही पोस्टमार्टम के बाद बालिका का शव परिजनों को सौंप दिया। ग्राम प्रधान रश्मि देवी के अनुसार उनकी भतकोट गांव निवासी हरेंद्र सिंह की चार वर्षीय पुत्री दृष्टि बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे घर की चौखट के पास ही बैठकर खाना खा रही थी। पास ही उसकी 10 वर्षीय बहन और दादी भी खाना खा रहे थे। अचानक आया गुलदार दृष्टि को घर की चौखट से खींचकर ले गया। परिजनों चीख-पुकार पर ग्रामीण इकट्ठा हुए और दृष्टि की खोजबीन शुरू की। करीब दो घंटे बाद घर से दो किमी दूर बालिका का क्षत विक्षत शव मिला। रेंजर पोखड़ा नक्षत्र शाह और सतपुली पुलिस रात ही मौके पर पहुंच गई। गुस्साए ग्रामीणों ने उनके सामने ही जमकर हंगामा किया। वे डीएम और डीएफओ को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। शुक्रवार सुबह चौबट्टाखाल की एसडीएम रेखा आर्य और गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ महातिम यादव मौके पर पहुंचे और घर के पास ही पोस्टमार्टम करवाकर बालिका का शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद से भतकोट, गडरी, गौखंड, मयलगांव, पटोटिया, धूलाछानी, कुणज, पाटिल्यूं, तिमली, तिमलीखाल समेत आसपास के गांवों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीण घरों में कैद होने को मजबूर हैं।गमगीन माहौल में हुई मृतका की अंत्येष्टि, शूटर तैनाती की उठी मांग: सतपुली। पोखड़ा ब्लॉक के भतकोट गांव में गुलदार का निवाला बनी 4 वर्षीय दृष्टि की अंत्येष्टि शुक्रवार को गमगीन माहौल में हुई। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। चौबट्टाखाल की एसडीएम और गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ से ग्रामीणों ने तत्काल शूटर की तैनाती करने की मांग की। वहीं, वन विभाग ने घटनास्थल के पास दो पिंजरे लगाने के साथ ही वनकर्मियों की गश्त शुरू कर दी है। ब्लॉक प्रमुख पोखड़ा संजय गुसाईं, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र रावत, कनिष्ठ प्रमुख संजय जोशी, ज्येष्ठ प्रमुख बीरोंखाल कुलदीप नेगी, जिला पंचायत सदस्य पूनम कैंत्यूरा, कांग्रेस नेता कविंद्र इष्टवाल, हर्षवर्धन सिंह बिष्ट, बलबीर सिंह रावत समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।भतकोट गांव में 2 पिंजरे, 10 कैमरा ट्रेप, 2 सोलर सीसीटीवी कैमरे लगाए: सतपुली। पोखड़ा ब्लॉक के भतकोट गांव में वन विभाग की ओर से घटनास्थल के आसपास 2 पिंजरे, 10 कैमरा ट्रेप, 2 सोलर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। वन विभाग की ओर से आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए गए हैं, ताकि वन्यजीव की पहचान सुनिश्चित की जा सके। 15-15 सदस्यीय दो विशेष दल गठित कर क्षेत्र में गश्त की जा रही है। वहीं, गुलदार को पकड़ने, ट्रैंकुलाइज करने अथवा आवश्यक होने पर अंतिम विकल्प के रूप में शूट करने के लिए उच्चाधिकारियों को अनुमति हेतु प्रस्ताव भी भेजा गया है। गुलदार प्रभावित क्षेत्र में दो दिन बंद रहेंगे स्कूल: उपखंड शिक्षा अधिकारी पोखड़ा मनोज कुमार जोशी ने बताया कि गुलदार प्रभावित क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज कुणजखाल, प्राथमिक विद्यालय पाटल्यूं, प्राथमिक विद्यालय मयलगांव और प्राथमिक विद्यालय पटोटी में शनिवार एवं सोमवार को विद्यालयों में अवकाश रहेगा।

## हमले के विरोध में पौड़ी बाजार रहा बंद, महिलाओं की रैली से बढ़ा आक्रोश

पौड़ी(संवाददाता)। नाई द्वारा युवक पर कैंची से हमले की घटना के विरोध में शुक्रवार को जिला मुख्यालय में बाजार पूरी तरह बंद रहा। वहीं, स्थानीय महिलाओं ने शहर में रैली निकालकर घटना के खिलाफ विरोध जताया। सुबह से ही प्रमुख बाजारों में दुकानों के शटर बंद रहे और पूरे नगर क्षेत्र में सन्नाटा पसरा रहा। स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा और बाजार में लगातार निगरानी करता रहा। बीते बृहस्पतिवार को पुराने जेल गदेरे के पास एक दुकान के समीप कार का शीशा एक नाई के हाथ से टकरा गया था। इस मामूली बात पर विवाद बढ़ गया और मारपीट के दौरान नाई ने युवक पर कैंची से हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। हालांकि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं इस घटना से गुस्साए कुछ लोगों ने नाई की दुकान पर तोड़फोड़ कर सामान सड़क पर फेंक दिया था। इसी के विरोध में शुक्रवार को स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने बाजार बंद का आह्वान किया जिसका असर पूरे शहर में देखने को मिला।

## कुर्सी के सहारे आठ किमी पैदल चल महिला को पहुंचाया अस्पताल

चमोली(संवाददाता)। निजमुला घाटी के मौली हडूंग गांव की एक महिला चारापत्ती निकालते समय नीचे गिरने से घायल हो गई। गांव में सड़क न होने पर घायल महिला को ग्रामीणों ने आठ किमी पैदल चलकर कुर्सी के सहारे सड़क तक पहुंचाया। इसके बाद उसे 108 वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। सड़क सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को हर दिन ऐसी समस्या का सामना करना पड़ता है। चमोली जिले के ब्लॉक दशोली के निजमुला घाटी में स्थित मौली हडूंग गांव की गुड्डी देवी पत्नी देवेंद्र सिंह चारा पत्ती लेने जंगल गई थी।

## कार का शीशा टकराने पर विवाद, नाई ने युवक पर कैंची से किया हमला, महिलाओं ने की दुकान पर जाकर तोड़फोड़

पौड़ी(संवाददाता)। पौड़ी जिला मुख्यालय के पुराने जेल गदेरे के पास एक दुकान के आगे कार का शीशा नाई के हाथ से टकरा गया। जिसके बाद नाई व कार चालक के बीच विवाद शुरू हो गया। नाई ने कैंची से हमला कर चालक को घायल कर दिया। मामले के तूल पकड़ने पर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग कोतवाली पहुंच गए, जहां जमकर हंगामा हुआ। बाद में कुछ लोग एसएसपी कार्यालय भी पहुंचे और प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि विवाद के दौरान एक पुलिसकर्मी ने एक युवक को थप्पड़ मारा। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मी और मारपीट में शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। दुकान में की तोड़फोड़: विवाद के बाद कुछ लोगों ने दुकान में तोड़फोड़ कर सामान सड़क पर फेंक दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों ने एहतियातन अपना सामान समेट लिया। इसके बाद कुछ महिलाओं ने भी दुकान पर जाकर तोड़फोड़ की।चार आरोपी गिरफ्तार: पुलिस ने मामले में अब्दुल राऊफ, मुज्जमिल, मो. जायद और मो. आकिफ सभी निवासी अपर बाजार को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ सदर तुषार बोरा ने बताया कि मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही दुकान में तोड़फोड़ और पुलिसकर्मी की भूमिका की भी जांच की जा रही है।पुलिस की अपील: पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें और तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने की भी सलाह दी।

## कूड़े के ढेर में लगी आग से कार जली

नई टिहरी(संवाददाता)। बौराड़ी बाजार में सड़क किनारे खड़ी कार कूड़े में लगी आग की चपेट में आ गई। आस-पास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग काबू नहीं हो पाई। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तक आग बुझाई मगर तब तक कार जल चुकी थी। बताया गया कि बाजार में घूम रहे मानसिक रूप से बीमार युवक ने कूड़े में आग लगाई थी। प्रभारी थानाध्यक्ष धनराज सिंह बिष्ट ने बताया कि शुक्रवार सुबह पांच बजे मानसिक रूप से बीमार एक युवक ने बौराड़ी बाजार से कूड़ा एकत्रित किया और सड़क किनारे कार के पास उसमें आग लगा दी। कुछ देर बाद ही कूड़े की आग की चपेट में कार भी आ गई। बताया कि व्यापारी विक्रम कुकरेती ने बृहस्पतिवार रात को सड़क किनारे कार खड़ी की थी। मामले में अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।

## खंड तल्ला में भालू की दहशत, रतजगा कर रहे ग्रामीण

पौड़ी(संवाददाता)। विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र खंड तल्ला में इन दिनों भालू की दहशत बनी हुई है। भालू गोशालाओं को तोड़कर अभी तक दो मवेशियों को मार चुका है। भालू की दहशत से निजात दिलाने के लिए ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। खंड तल्ला व आस पास के गांवों में भालू गोशालाओं को तोड़कर मवेशियों को मार रहा है। टीला सीट से जिला पंचायत सदस्य डॉ. शिवचरण नौडियाल ने बताया कि दो -तीन दिन पहले गांव से करीब आधा किमी दूर बनीं छानियों में रात के समय भालू ने गोशालाओं को तोड़कर मवेशियों को मार डाला। जबकि करीब दो हफ्ते पहले भी भालू ने यही घटना दोहरायी थी। तब भालू ने पशुपालक गणेशी देवी व चौता देवी की दुधारू गायों को बुरी तरह से नोचकर मार डाला। तब से ग्रामीण मशाल, टॉर्च व लाड़ी डंडों के साथ रात आठ से साढ़े 11 बजे तक गांव से होते हुए छानियों और आस पास के क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। ग्रामीण छानियों के पास आग जलाकर भालू को भगाने की कोशिश और मवेशियों की सुरक्षा करने में जुटे हुए हैं। बताया कि वन विभाग को इस संबंध में पत्र भेजा था। विभाग ने कुछ दिन तो गश्त की लेकिन फिर से हालात वैसे ही बन गए हैं। उन्होंने भालू की समस्या से निजात दिलाने के लिए छानियों के पास सीसीटीवी, ड्रोन सर्वे, स्ट्रीट लाइट व पिंजरा आदि लगाने के साथ ही समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग उठाई है।

## ब्रिटिशकालीन पुरानी जेल को संग्रहालय बनाने की कवायद तेज

पौड़ी(संवाददाता)। जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक ब्रिटिशकालीन पुरानी जेल को संग्रहालय के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। शुक्रवार को इस संबंध में रुड़की से आई विशेषज्ञों की टीम ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत सर्वेक्षण किया और भवन की वर्तमान स्थिति का आकलन किया। प्रभारी क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई पौड़ी अनिरुद्ध सिंह बिष्ट ने बताया कि यह पुरानी जेल ऐतिहासिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है और इसे संरक्षित करते हुए संग्रहालय के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि जिले की ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके और लोगों को इसके बारे में जानकारी मिल सके। सर्वे के दौरान टीम ने भवन की संरचना, मजबूती, उपलब्ध स्थान और अन्य तकनीकी पहलुओं का गहन निरीक्षण किया। साथ ही भवन का माप-जोख (मेजरमेंट) भी किया गया जिसके आधार पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। बताया कि डीपीआर तैयार होने के बाद परियोजना की लागत, संरचना में आवश्यक सुधार, संरक्षण कार्य और संग्रहालय के स्वरूप को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## पहाड़ी शैली व आधुनिक सुविधाओं से तैयार हुआ जिला पुस्तकालय

पौड़ी(संवाददाता)। मुख्यालय का जिला पुस्तकालय अब नए कलेवर और आकर्षक अध्ययन केंद्र के रूप में नजर आने लगा है। पुस्तकालय को पहाड़ी शैली में तैयार किया गया है। जिला प्रशासन की पहल पर पुस्तकालय को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। पुस्तकालय में युवा वर्ग की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुस्तकों की उपलब्धता, आधुनिक फर्नीचर, पठन-पाठन की व्यवस्था, बुक स्टोरेज, वाई-फाई जोन आदि से लैस किया गया है। भवन की बाहरी दीवारों को पारंपरिक पहाड़ी शैली में बनाया गया है। पुस्तकालय की छत पर बनाया गया घंटाघर इस भवन को विशेष पहचान दिला रहा है। गौरतलब है कि बीते सप्ताह राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि) ने पुस्तकालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कार्यों की सराहना करते हुए इसे एक उत्कृष्ट पहल बताया था। निर्माण दायी संस्था/ ईई लोनिवि निर्माण खंड रीना नेगी ने बताया कि पुस्तकालय को जिला योजना से करीब 55 लाख की धनराशि से पुनर्निर्मित किया गया है। साथ ही पुस्तकालय का सुदृढ़ीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा हुआ।

# जाति छुपाकर भूमि विक्रय पर कड़ी कार्रवाई, 1.170 हेक्टेयर जमीन राज्य सरकार में निहित

नैनीताल (संवाददाता)। रामनगर के ढेला बंदोबस्ती गांव में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा जाति छुपाकर सामान्य वर्ग के व्यक्ति को बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति भूमि विक्रय किए जाने के मामले में कलेक्टर नैनीताल की अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए 1.170 हेक्टेयर भूमि को राज्य सरकार में निहित करने का आदेश दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम ढेला बंदोबस्ती, रामनगर स्थित उक्त भूमि का विक्रय वर्ष 1993 में किया गया था। जांच में यह तथ्य सामने आया कि विक्रय विलेख (बैनामा) तथा मुख्तारनामेख़्दोनों में विक्रेताओं की जाति का उल्लेख नहीं किया गया था।"सरकार बनाम सीताराम आदि" मामले में विस्तृत जांच के दौरान यह भी उजागर हुआ कि वर्ष 2013 में विक्रेताओं में से एक भाई का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी हुआ था, परिवार रजिस्टर में भी संबंधित परिवार को अनुसूचित जाति श्रेणी में दर्ज पाया गया।अदालत ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों में यह सिद्धांत स्थापित है कि व्यक्ति की जाति जन्म से तथा पिता की जाति के आधार पर निर्धारित होती है। इस आधार पर विक्रेताओं को अनुसूचित जाति का मानते हुए बिना अनुमति किए गए भूमि विक्रय को अवैध करार दिया गया।कलेक्टर नैनीताल ललित मोहन रयाल ने इस कृत्य को उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम (न्र्दास्ट ।बज) की धारा 157 का उल्लंघन मानते हुए संबंधित भूमि को राज्य सरकार में निहित करने का आदेश पारित किया है।अदालत ने उपजिलाधिकारी रामनगर को निर्देशित किया है कि आदेश का तत्काल राजस्व अभिलेखों में अंकन कराया जाए तथा 1.170 हेक्टेयर भूमि का कब्जा राज्य सरकार के पक्ष में सुनिश्चित किया जाए।इस कार्रवाई को प्रशासन द्वारा अवैध भूमि हस्तांतरण के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव, नम आंखों से दी अंतिम विदाई

पिथौरागढ़ (संवाददाता)। कुमाऊं रेजिमेंट के जवान विकास कुमार का पार्थिव शरीर करीब 65 घंटे बाद शुक्रवार को पैतृक गांव गणकोट पहुंचा। रामेश्वर घाट में सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से विकास के नाम के नारे लगाते हुए उसे अंतिम विदाई दी। जिला मुख्यालय से करीब पांच किमी दूर गणकोट में सुबह दस बजे के करीब लांस नायक विकास का पार्थिव शरीर पहुंचा। यहां पहले से बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। परिजन अपने लाल के पार्थिव शरीर को देखकर बिलख पड़े। पत्नी प्रीति पति के पार्थिव शरीर को लकड़ी के बक्से (कॉफिन) में देखते ही वह उससे लिपट गई और फूट-फूटकर रोने लगीं। बाद में रामेश्वर घाट के लिए अंतिम यात्रा शुरू हुई। घर से निकली शव यात्रा में सैकड़ों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा इलाका जब तक सूरज चांद रहेगा, विकास तेरा नाम रहेगा की गूंज से गुंजायमान हो उठा। घाट में सेना के जवानों ने पार्थिव शरीर को शस्त्र सलामी दी। पिता गणेश राम ने चिता को मुखाग्नि दी। बता दें कि बीते 29 मार्च को विकास अपने दो साथियों के साथ सीमा क्षेत्र में गश्त पर निकले थे, तभी अचानक हुए हिमस्खलन की चपेट में आने से विकास वीरगति को प्राप्त हो गए। 31 मार्च की शाम तीन बजे के करीब सेना की ओर से विकास के बलिदान की सूचना परिजनों को दी गई बीते रोज गुरुवार को विमान से उनका पार्थिव शरीर पहले दिल्ली और फिर एंबुलेंस के जरिए यहां लाया गया।

# रामनगर में दबंगों की फायरिंग से दहशत, हत्या के प्रयास का आरोप

रामनगर (संवाददाता)। नगर में बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। एक युवक ने आधा दर्जन युवकों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला गूलरघट्टी निवासी शानू पुत्र मो यूसुफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व वह अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान होंडा सिटी कार में सवार होकर ईशान,सुजल, सरान, मोनीश और अबूजर मौके पर पहुंचे और बिना किसी वजह गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।पीड़ित का आरोप है कि जैसे ही वह किसी तरह उनके चंगुल से निकलकर अपने घर की ओर भागा, आरोपियों ने उस पर कई राउंड फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई और आवाज सुनकर स्थानीय लोग घरों से बाहर निकल आए। इस दौरान उक्त युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उक्त सभी युवक पहले से आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ कोतवाली में कई मामले दर्ज हैं। साथ ही वे अवैध हथियारों के कारोबार में भी लिप्त बताए जा रहे हैं और क्षेत्र में लगातार गुंडागर्दी कर लोगों को डराने-धमकाने का काम करते हैं। घटना के बाद से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल बना हुआ है।

# यशस्वी नेगी बनी युवा कलमकार प्रतियोगिता की विजेता

रामनगर (संवाददाता)।मोहल्ला दुर्गापुरी निवासी यशस्वी नेगी ने भाषा संस्थान उत्तराखंड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा कलमकार प्रतियोगिता में यात्रा संस्मरण लिखकर 18 से 25 आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर रामनगर शहर का मान बढ़ाया है। यशस्वी को देहरादून में आयोजित सम्मान समारोह में वन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सुबोध उनियाल और समाज कल्याण मंत्री खजान दास द्वारा 11 हजार की धनराशि, प्रशस्ति पत्र व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।यशस्वी ने कक्षा 12 तक की शिक्षा सेन्ट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल पीरूमदारा रामनगर से प्राप्त की है और वह एसजीआरआर विश्व विद्यालय देहरादून से भूगोल विषय से एमए की पढ़ाई कर रही हैं।यशस्वी की माता मीनाक्षी नेगी जीजीआईसी रामनगर में संस्कृत प्रवक्ता हैं और पिता धर्मेन्द्र नेगी नैनीडांडा पौड़ी गढ़वाल में अध्यापक हैं।चाचा शैलेन्द्र नेगी अपर जिलाधिकारी नैनीताल के पद पर कार्यरत हैं।यशस्वी को युवा कलमकार से सम्मानित होने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, कर अधिकारी मितेश्वर आनन्द, मोहन पाठक, डॉ सत्यप्रकाश मिश्र,छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




# कॉर्बेट में 'फर्जी सफारी माफिया' का खेल: सोशल मीडिया के जरिए ठगी, पर्यटकों से लाखों की वसूली

रामनगर (संवाददाता)। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की साख पर एक बार फिर बड़ा दाग लग गया है। सोशल मीडिया के जरिए खुद को अधिकृत एजेंट बताकर पर्यटकों को ठगने का संगठित गिरोह सामने आया है, जिसने देशभर के सैलानियों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चपत लगा दी।रामनगर निवासी फरमान अली पर आरोप है कि वह फैसबुक और इंस्टाग्राम एक फर्जी वेबसाइट के माध्यम से कॉर्बेट में सफारी और रात्रि विश्राम की बुकिंग के नाम पर लोगों को जाल में फंसा रहा था। आरोपी बड़ी चालाकी से खुद को अधिकृत बुकिंग एजेंट बताकर पर्यटकों का भरोसा जीतता और फिर अपने निजी बैंक खाते में एडवांस रकम मंगवा लेता था।हैरानी की बात यह है कि ठगी को अंजाम देने के लिए आरोपी फर्जी परमिट दस्तावेज भी तैयार कर देता था, जिससे पर्यटकों को आखिरी समय तक शक नहीं होता। लेकिन जब सैलानी कॉर्बेट पहुंचते, तो उन्हें पता चलता कि उनकी कोई बुकिंग ही नहीं है।न सफारी और न ठहरने का इंतजाम है।दिल्ली निवासी निखिल मेहरा इस गिरोह के शिकार बने, जिन्होंने कोतवाली रामनगर में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं पुणे की हेमांगी विक्रांत के साथ भी 1.20 लाख रुपये के पैकेज के नाम पर 20 हजार रुपये की ठगी की गई। मौके पर पहुंचने पर उन्हें पूरी बुकिंग फर्जी निकली।इस पूरे प्रकरण ने न सिर्फ पर्यटकों को आर्थिक और मानसिक चोट पहुंचाई है, बल्कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की प्रतिष्ठा पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग भी हरकत में आया है। इको टूरिज्म यूनिट के वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन आर्य की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

# सुकना-पभ्या सड़क निर्माण में देरी पर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

अल्मोड़ा (संवाददाता)। विकासखंड भैंसियाछाना के अंतर्गत सुकना से पभ्या तक प्रस्तावित करीब 3.5 किलोमीटर सड़क निर्माण में हो रही देरी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। इस संबंध में ग्रामीणों ने भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रौतेला के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए पिलर लगाने और पेड़ों की गणना जैसी प्रारंभिक प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं, इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग और वन विभाग के बीच समन्वय के अभाव में पिछले छह महीनों से कार्य ठप पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि पभ्या गांव मुख्य सड़क से करीब नौ किलोमीटर दूर कठिन चढ़ाई पर स्थित है, जिससे मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार समय पर उपचार न मिलने के कारण गंभीर स्थितियां भी उत्पन्न हो जाती हैं। इससे पूर्व भी ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन देकर समयसीमा निर्धारित की थी, लेकिन मांग पूरी न होने पर एक बार फिर उन्होंने आवाज उठाई है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन दिया। साथ ही संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# पर्यटन सीजन को लेकर अल्मोड़ा ट्रैफिक पुलिस सतर्क

अल्मोड़ा (संवाददाता)। पर्यटन सीजन के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पुलिस कार्यालय सभागार में यातायात ड्यूटी में तैनात होमगार्ड जवानों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जवानों को बढ़ते यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध, सतर्क और जिम्मेदारीपूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। उन्हें प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, जाम की स्थिति में तत्काल नियंत्रण करने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने को कहा गया। पुलिस अधिकारियों ने जवानों को पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

# पिता की हत्या के आरोपियों को हाईकोर्ट से जमानत, साक्ष्यों पर उठे सवाल

रामनगर (संवाददाता)। रामनगर में कुछ महीने पहले पिता की हत्या के गंभीर आरोप में जेल में बंद आरोपी नाजिम व नईम को उत्तराखंड हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। न्यायालय ने सुनवाई के बाद आरोपियों की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए उन्हें जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए।अधिवक्ता निसारूद्दीन ने कहा, कि जमानत की शर्त के अनुसार, गुरुवार को आरोपियों के एक-एक लाख रुपए के जमानती कोर्ट में पेश होने के बाद रिहा हो गए हैं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकल पीठ में हुई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, रामनगर थाना क्षेत्र में नाजिम पर अपने पिता सलीम की डंडों से पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडे बरामद करने का दावा करते हुए उसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा था।सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं डीएस मेहता, निसारूद्दीन,अजहर,शाहीन और रुबीना ने तर्क दिया कि आरोपी को झूठा फंसाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में प्राथमिकी अज्ञात के खिलाफ दर्ज की गई थी और बाद में नाजिम व नईम का नाम जोड़ा गया।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# मुख्यमंत्री धामी ने जुगमन्दर हॉल के नवीनीकरण कार्य का किया लोकार्पण

### – देहरादून में 06 स्थानों पर पार्कों के विकास कार्यों का शिलान्यास



देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नगर निगम देहरादून में निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन के अंतर्गत 02 करोड़ 32 लाख 50 हजार रुपये की लागत से जुगमन्दर हॉल के जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने केदारपुरम स्थित ए.बी.सी. सेंटर में कैनालों के निर्माण एवं नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 06 स्थानों पर पार्कों के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया।मुख्यमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार "विकास भी और विरासत भी" को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। आज हमारा देहरादून अपनी समृद्ध पहचान और सांस्कृतिक धरोहर को संजोते हुए आगे बढ़ रहा है। तेज विकास के साथ-साथ अपनी संस्कृति और पहचान को सहेजने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के शहरी क्षेत्रों को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देश के शहरों, कस्बों और नगरों में स्वच्छता की एक नई संस्कृति विकसित हुई है।अमृत योजना के माध्यम से शहरों में जल आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था और हरित क्षेत्रों के विकास की दिशा में भी अनेक कार्य किए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के माध्यम से देशभर के शहरों को आधुनिक, सुविधायुक्त और भविष्य के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों का स्वयं का घर होने का सपना साकार हुआ है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा अन्य क्षेत्रों में भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जा रहे हैं। देहरादून को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से शहरों में ठोस कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है।

## गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को किया याद

देहरादून(संवाददाता)। गुड फ्राइडे पर मसीही समुदाय ने विभिन्न चर्चों में प्रार्थना कर प्रभु यीशु मसीह के साहस व बलिदान को याद किया। बाइबल से दुखभोग के पाठ पढ़े और 14 मुकामों का मंचन किया गया।तिब्बती मार्केट के पास स्थित सेंट फ्रांसिस कथौलिक चर्च में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से विशेष प्रार्थना शुरू की गई। इस दौरान मुख्य फादर टाइटस और सहायक फादर कमलेश ने प्रभु यीशु मसीह के दुखभोग के बाइबल से पाठ पढ़े और व्यक्तियों को प्रभु यीशु मसीह का संदेश सुनाया। सभी ईसाई धर्म के लोगों ने प्रभु के बलिदान को याद रखते हुए उपवास रखा।

## देहरादून में बढ़ते अपराधों के खिलाफ यूकेडी ने किया प्रदर्शन

देहरादून(संवाददाता)। उत्तराखंड क्रांति दल ने दून में बढ़ते अपराधों को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उत्तराखंड सरकार से शहर को अपराध मुक्त बनाने की मांग की। शुक्रवार को उत्तराखंड क्रांति दल के मूल निवास भू कानून प्रकोष्ठ ने लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं के विरुद्ध द्रोण चौक में उत्तराखंड सरकार का पुतला दहन किया। कचहरी स्थित उत्तराखंड क्रांति दल केंद्रीय कार्यालय में एकत्रित हुए पदाधिकारियों ने एक स्वर में देहरादून को अपराध मुक्त बनाने की मांग की । उत्तराखंड क्रांति दल मूल निवास भू कानून प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लूशुन टोडरिया ने कहा कि दून के शांत वातावरण में सुनियोजित तरीके से अराजकता का माहौल बना कर अपराधिक तत्वों को बढ़ावा दिया जा रहा है। लगातार बढ़ती घटनाएं इसके उदाहरण हैं। कहा कि फायरिंग में रिटायर्ड ब्रिगेडियर जोशी की हत्या ने कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है । टोडरिया ने कहा कि कमजोर भू कानून होने के कारण ही अन्य राज्यों के अपराधी जमीन लेकर उत्तराखंड के नागरिक बन कर इस राज्य में ही गम्भीर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कहा कि जल्द ही सशक्त भू कानून लागू किया जाए। उत्तराखंड क्रांति दल के महामंत्री सेवानिवृत्त कर्नल कैलाश देवरानी ने कहा कि एक पूर्व सैनिक की तड़के सरेआम हत्या निंदनीय है। जिस ब्रिगेडियर को सरहद में दुश्मनों की गोलियां छू भी नहीं उनको अपने ही प्रदेश में बाहरी अराजक तत्वों द्वारा गोली मार के उनकी हत्या कर दी । कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था वेंटिलेटर पर है।



### संक्षिप्त समाचार...

#### स्कूल में वितरित किया स्टेशनरी का सामान

देहरादून(संवाददाता)। लायंस क्लब देहरादून वेस्ट की ओर से शुक्रवार को लक्ष्मण चौक स्थित आर्य समाज जूनियर स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ विनय सिसौदिया और उनकी धर्मपत्नी शशि सिसौदिया ने क्लब के सेवा कार्यों की सराहना की। इस दौरान संचालन कर रहे सचिव हरि भाऊ मरकले, क्लब की अध्यक्ष शालू भार्गव आदि मौजूद रहे। स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष ने क्लब कार्यकारिणी और सदस्यों का आभार जताया।

#### पंचायतों में मनरेगा के कार्यों को ऑफलाइन किया जाए

विकासनगर(संवाददाता)। डाकपत्थर बैराज मैदान में शुक्रवार को चकराता ब्लॉक प्रधान संगठन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मनरेगा कार्यों की समीक्षा की गई और सरकार को कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। प्रधानों ने कहा कि यदि इन सुझावों को अमल में लाया जाए तो मनरेगा के तहत होने वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि योजनाओं का सही क्रियान्वयन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति के लिए आवश्यक है।

#### कुटुंब प्रबोधन आज के समय की जरूरत

विकासनगर(संवाददाता)।सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ में शुक्रवार को कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने अभिभावकों को भारतीय संयुक्त परिवार की परंपरा को जीवित रखने के लिए प्रेरित किया। बताया कि कुटुंब प्रबोधन का उद्देश्य है कि हिंदू जीवन पद्धति का संस्कार हमारे परिवार के अंदर होना चाहिए, क्योंकि खंडित हो रहे परिवार को जोड़ना व अपने सभ्यता व संस्कृति कि ओर लोगों को आकर्षित करना है।

## ग्रास संस्था की वार्षिक साधारण सभा संपन्न, नए पदाधिकारियों का चयन

अल्मोड़ा (संवाददाता)। ग्रामीण समाज कल्याण समिति (ग्रास) की वार्षिक साधारण सभा की बैठक तल्ला चीनाखान स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान ने की, जिसमें प्रबंध कार्यकारिणी और साधारण सभा के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान संस्था की गतिविधियों का भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन में वर्षभर में संचालित परियोजनाओं, प्राप्त धनराशि, व्यय विवरण और कार्य निष्पादन की स्थिति की जानकारी दी गई, जिसे सदस्यों ने अनुमोदित किया। माइग्रेंट परियोजना सहित विभिन्न योजनाओं की वार्षिक प्रगति भी प्रस्तुत की गई। इस दौरान संस्था में पदाधिकारियों के त्यागपत्र के बाद रिक्त पदों पर नए चयन किए गए। सचिव पद पर रेखा बिष्ट, कोषाध्यक्ष पद पर ललित मोहन गौड़ और उपसचिव पद पर मदन सिंह मेर को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा अन्य रिक्त पदों पर भी नए सदस्यों का चयन किया गया। संस्था के अधिशासी निदेशक भूपेंद्र चौहान ने बताया कि दोसाद जलागम परियोजना फरवरी से शुरू हो चुकी है। साथ ही महिला विकास के तहत जूट बैग प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री महिला सतत आजीविका योजना और नेशनल जूट बोर्ड की योजनाएं अप्रैल-मई से प्रारंभ की जाएंगी। अंत में संस्था अध्यक्ष ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## 12 की छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत

नैनीताल (संवाददाता)। उत्तराखंड के नैनीताल में मल्लीताल क्षेत्र में कक्षा 12 की छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हुई है। किशोरी के मुंह से खून निकल रहा था। इसीलिए मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस जांच में जुट गई है।मिली जानकारी के अनुसार यह मामला मल्लीताल क्षेत्र में ओकलॉज कंपाउंड में से सामने आया है। जहां निवासी कक्षा 12 की छात्रा दीया गोस्वामी की संदिग्ध हालात में मौत हुई है। बताया गया कि बुधवार दोपहर को लड़की की अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मृतका के मुंह से खून बह रहा था। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर चिकित्सकों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि मामले में परिजनों के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों के बारे में पता चल सकेगा। फिलहाल, पुलिस जांच जारी है।

## इंडस्ट्री में एक्ट्रेसेस पर परफेक्शन का दबाव होता है, एक्टिंग करियर के अनुभव को संदीपा धर ने किया साझा

अक्सर फिल्मों में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो कम समय के लिए आते हैं, लेकिन दर्शकों के दिल में गहरी छाप छोड़ जाते हैं। संदीपा धर द्वारा निभाए गए किरदार इन्हीं बातों का शानदार उदाहरण हैं। अपनी पहली फिल्म इसी लाइफ में से लेकर दो दीवाने शहर में तक, उन्होंने कई तरह के रोल निभाए।

संदीपा ने कहा कि अपने किरदारों के जरिए वह आज की महिलाओं की उस सच्चाई को सामने रखती हैं, जिस पर अक्सर खुलकर बात नहीं होती। इसके अलावा, उन्होंने इंडस्ट्री में परफेक्शन के दबाव के बीच खुद को कैसे तनावमुक्त रखती हैं, इस पर भी अपने विचार रखे।संदीपा ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया और कहा, उस समय इंडस्ट्री को लेकर मेरी समझ सीमित थी, लेकिन जुनून काफी था। पहली फिल्म के दौरान मिली पहचान और अवॉर्ड नॉमिनेशन ने मुझे आत्मविश्वास दिया, मगर साथ ही जिम्मेदारी का एहसास भी कराया। समय के साथ मैंने समझा कि हर अवसर बड़ा नहीं होता, लेकिन हर अवसर महत्वपूर्ण हो सकता है।उन्होंने कहा, करियर के दौरान ऐसे भी मौके मिले, जब स्क्रीन पर समय कम था। लेकिन मेरा मानना है कि किरदार की सच्चाई और प्रस्तुति ही असली फर्क पैदा करती है। दर्शक अभिनय की प्रामाणिकता को महसूस करते हैं, चाहे भूमिका छोटी हो या बड़ी। यही सोच मुझे हर प्रोजेक्ट को समान गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित करती है।संदीपा ने कहा, इंडस्ट्री में प्रतिस्पर्धा और तुलना आम बात है, और कई बार कलाकार खुद को कमतर महसूस करने लगते हैं। मुझे भी ऐसे दौर से गुजरना पड़ा। लेकिन इस अनुभव ने मुझे सिखाया कि बाहरी मान्यता से ज्यादा जरूरी आत्म-स्वीकृति है। इंडस्ट्री में परफेक्शन का दबाव बहुत होता है। लुक्स, फिटनेस और सोशल मीडिया पर इमेज... इन सबके बीच खुद को संतुलित रखना आसान नहीं होता। लगातार यह सुनना कि आपको और बेहतर दिखना चाहिए या और बदलना चाहिए, आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। इसलिए मैंने खुद को स्वीकारने की हिम्मत जुटाई।संदीपा ने आगे डांस को अपने जीवन का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कहा, मैं एक ट्रेंड डांसर हूं और आज भी किसी मजबूत कहानी वाली डांस-आधारित फिल्म का इंतजार कर रही हूं। मेरे लिए डांस केवल कला नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति का माध्यम है, जिसने मेरे अभिनय को भी समृद्ध बनाया है।



## नागा चौतन्य की एनसी24 का नया पोस्टर हुआ रिलीज, 5 मार्च को दिखेगी वृषकर्मा की खास झलक

नागा चौतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म का एक नया पोस्टर आज रिलीज किया गया है, जिसमें नागा चौतन्य एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। पहले वृषकर्मा का नाम एनसी24 था। इस पोस्टर के साथ मेकर्स ने इसकी खास झलक को दिखाने का वादा करते हुए एक तारीख दी है, जिस दिन वृषकर्मा की खास झलक पेश की जाएगी।

मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर नागा चौतन्य की 24वीं फिल्म वृषकर्मा का एक पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में नागा चौतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ मेकर्स ने जानकारी दी है कि वृषकर्मा की खास झलक 5 मार्च, 2026 को दिखाई जाएगी।

# टॉक्सिक से जारी हुआ पहला गाना तबाही, यश के साथ यूं दिखीं कियारा आडवाणी

अभिनेता यश की आगामी फिल्म टॉक्सिक का जबर्दस्त क्रेज देखा जा रहा है। बॉक्स ऑफिस पर यह इसी महीने रिलीज होने वाली है। इससे पहले होली के अवसर पर मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना तबाही रिलीज कर दिया है।फिल्म टॉक्सिक का जब से एलान हुआ है, तभी से इसका क्रेज भी जबर्दस्त है। इसकी रिलीज को लेकर फैंस के बीच उत्साह है। आज मेकर्स ने फिल्म का पहला सिंगल रिलीज किया है। मगर, तबाही गाने को सिर्फ ऑडियो ट्रैक के तौर पर रिलीज किया गया है। इसका कोई वीडियो नहीं है। इसे लेकर नेटिजन्स नाराज नजर आ रहे हैं।

पिछले महीने ही मेकर्स ने पहले सिंगल का पोस्टर रिलीज किया था। पोस्टर में यश और कियारा आडवाणी समुद्र के किनारे एक-दूसरे के पास खड़े दिख रहे थे। विजुअल में पैशन और इंटेंसिटी का हिंट था, जिससे फैंस को फिल्म के टोन की एक झलक मिली। मगर, अब जब गाना रिलीज किया है, तो इसे सिर्फ बतौर ऑडियो लाया गया है। नेटिजन्स लिख रहे हैं, 02 मार्च को पहली अप्रैल वाली फीलिंग आ रही है। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, वीडियो के लिए कृपया वोट करें।इस गाने को देशभर के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए इसे कई भाषाओं में लॉन्च किया गया है। कंपोजर विशाल मिश्रा ने इसका म्यूजिक बनाया है, जबकि हर भाषा के लिए लिरिक्स अलग-अलग लिखे गए हैं। राज शेखर ने हिंदी लिरिक्स लिखे हैं। वहीं,



योगराज भट ने कन्नड़ भाषा में गाने के लिरिक्स लिखे। रामजोगय्या शास्त्री ने तेलुगु लिरिक्स लिखे। विग्नेश शिवन ने तमिल लिरिक्स लिखे हैं और रफीक अहमद ने मलयालम लिरिक्स लिखे। बता दें कि टॉक्सिक के अब तक दो टीजर रिलीज हो चुके हैं। पहले टीजर में एक डार्क और वायलेंट दुनिया दिखाई गई थी। वहीं, दूसरे टीजर में यश ने बिना दाढ़ी वाले लुक में फैंस को सरप्राइज कर दिया। फिल्म का ट्रेलर 8 मार्च, 2026 को रिलीज होने की उम्मीद है। बता दें कि यह फिल्म 19 मार्च को रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर यह रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से टकराएगी।

## दृश्यम 3 की शूटिंग के दौरान शिवालिका ओबेरॉय ने प्रेग्नेंसी का एक्सपीरिएंस किया शेयर, अभिषेक पाठक के साथ को-प्रोडक्शन कहा

शिवालिका ओबेरॉय ने अपनी प्रेग्नेंसी को अभिषेक पाठक के साथ को-प्रोडक्शन बताया है। एक्ट्रेस ने आगे बताया कि उनके फिल्ममेकर पति अजय देवगन स्टारर दृश्यम के तीसरे पार्ट में बिजी हैं, जबकि वह मदरहुड की तैयारी पर फोकस कर रही हैं।शिवालिका ने इंस्टाग्राम पर अपने पति अभिषेक के साथ हाल ही में हुए मैटरनिटी शूट की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इसे जॉइंट वेंचर बताते हुए एक्ट्रेस ने मजाक में कहा कि दोनों के बीच डील हो गई थी।उन्होंने कैप्शन में लिखा, इसे को-प्रोडक्शन कहो। वह थ्रिलर बनाने में बिजी हैं। मैं एक इंसान बनाने में बिजी हूँ। डील हो गई थी।क्योंकि अभिषेक प्रेग्नेंसी के दौरान दृश्यम 3 की शूटिंग कर रहे हैं, शिवालिका ने पक्का किया कि वे इस सफर को जितनी चाहें उतनी मैटरनिटी फोटो के साथ डॉक्यूमेंट करें।एक्ट्रेस ने कहा, वह प्रेग्नेंसी के दौरान दृश्यम 3 की शूटिंग करते हैं, हम जितनी चाहें उतनी मातृत्व फोटो शूट करते हैं। दोनों प्रोडक्शन सक्सेसफुली चल रहे हैं।शिवालिका और अभिषेक पहली बार 2020 में विद्युत जामवाल की फिल्म खुदा हाफिज में काम करते हुए मिले थे। यह कहानी समीर नाम के एक लड़के की है, जो अपनी पत्नी नरगिस के साथ खुशियों भरी जिंदगी जी रहा है। लेकिन, जब नरगिस को ह्यूमन ट्रैफिकर्स किडनैप कर लेते हैं, तो उसे उसे बचाना पड़ता है।दोनों ने जुलाई 2022 में एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई और आखिरकार फरवरी 2023 में शादी कर ली।शिवालिका ने 2019 में रिलीज हुई ये साली आशिकी से एक्टिंग में



डेब्यू किया और बाद में 2020 में खुदा हाफिजः से मशहूर हुईं। उन्हें आखिरी बार 2022 में खुदा हाफिजः चौप्टर 2 ख अग्नि परीक्षा में देखा गया था, जहाँ उन्होंने और विद्युत दोनों ने ओरिजिनल ड्रामा से अपने किरदार नरगिस और समीर को दोहराया था।दूसरी ओर, अभिषेक ने दृश्यम 2 डायरेक्ट की, जिसमें अजय देवगन, श्रिया सरन, तब्बू और अक्षय खन्ना थे। उन्होंने उड़ता चमन भी डायरेक्ट की है। अभिषेक ने प्यार का पंचनामा, प्यार का पंचनामा 2, सेक्शन 375 और खुदा हाफिजः जैसी फिल्में भी प्रोड्यूस की हैं।दृश्यम 3 की बात करें तो, आने वाली फिल्म के मेकर्स ने दिसंबर में गोवा शेड्यूल शुरू कर दिया था। एक्टर जयदीप अहलावत भी इस फ्रेंचाइजी में शामिल हो गए हैं।दृश्यम एक ऐसे परिवार की दिलचस्प कहानी है जो एक चौंकाने वाले गायब होने के साये में फंसा हुआ है, एक पुलिसवाली का बेटा लापता हो जाता है, और वह विजय के परिवार को खत्म करने की धमकी देती है। अपने प्रियजनों की रक्षा करने का पक्का इरादा करके, विजय उन्हें सुरक्षित रखने में कोई कसर नहीं छोड़ता।

## अरुणाचल प्रदेश आगमन पर ईटानगर एयरपोर्ट पर कृषि मंत्री गणेश जोशी का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्तागण

देहरादून(संवाददाता)। प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी का अरुणाचल प्रदेश आगमन पर ईटानगर एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत



अरुणाचल प्रदेश के कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने शिष्टाचार भेंट कर कृषि मंत्री गणेश जोशी का राज्य में आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान दोनों कृषि मंत्रियों के बीच उत्तराखंड एवं अरुणाचल प्रदेश में कृषि और बागवानी के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, योजनाओं तथा विकास की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने दोनों राज्यों के बीच कृषि तकनीक, आधुनिक खेती के तरीकों एवं किसानों की आय बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग को और मजबूत करने पर भी जोर दिया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्यों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान किसानों के हित में महत्वपूर्ण साबित होगा और इससे कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। वहीं अरुणाचल प्रदेश के कृषि मंत्री गेब्रियल डी वांगसू ने उत्तराखंड के कृषि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

## मातृशक्ति ही सनातन धर्म की वास्तविक ध्वज वाहक : जयेंद्र रमोला

ऋषिकेश(संवाददाता)। गढ़ महिला उत्थान समिति की बैठक में महिलाओं के सशक्तीकरण और उनकी विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला ने कहा कि मातृशक्ति ही सनातन धर्म की वास्तविक ध्वज वाहक हैं,



जो परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को संस्कार, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। मातृशक्तियों को सशक्त और संगठित करना ही समिति का मुख्य उद्देश्य है। ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर समाज में एक मजबूत भूमिका निभा सकें। समाजसेवी हर्षपति सेमवाल ने कहा कि समिति लगातार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने तथा उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। समिति सचिव कृष्णा रमोला ने कहा कि महिलाओं के दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं जैसे घरेलू चुनौतियां, सामाजिक असमानता, आर्थिक कठिनाइयां और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी समिति कार्य करेगी। मौके पर समिति उपाध्यक्ष संगीता राणा, उमा ओबेरॉय, पुष्पा देवी, भुवनेश्वरी देवी, राम पेटवाल, गीता जोशी, पार्वती पेटवाल, सत्यभामा देवी, दीपिका पटवाल, पूजा तिवारी, सरिता देवी, सुनीता चौहान, विनीता देवी, सुशीला, सुशीला देवी, पिंकी राणा, मुन्नी देवी, शांति देवी, विमला देवी, सुमित्रा देवी, पार्वती देवी, प्रमिला देवी,कविता देवी, गीत देवी, रामेश्वरी देवी, पूनम देवी, सीमा देवी, अनीता चौहान, अंजू पनौती आदि उपस्थित रहीं।

### संक्षिप्त समाचार...

## सचिवालय ए और माइटी इलेवन की दमदार जीत

देहरादून(आरएनएस)। सचिवालय सुपर लीग 2026 के पहले मैच में सचिवालय ए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सचिवालय रॉयल स्ट्राइकर को 58 रनों से हराया, जबकि दूसरे मैच में सचिवालय माइटी इलेवन ने सचिवालय वॉरियर को पांच विकेट से पराजित किया। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में शनिवार को प्रतियोगिता का आगाज हुआ। पहले मुकाबले में सचिवालय ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 234 रन बनाए। सागर ने 87 और टीएच खान ने 42 रनों का योगदान दिया। जवाब में सचिवालय रॉयल स्ट्राइकर की टीम 8 विकेट पर 176 रन ही बना सकी। प्रदीप आगरी ने 57 और नीरज गिरी ने 43 रन बनाए। सचिवालय ए की ओर से राहुल जेटली ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। राहुल जेटली को मैन ऑफ द मैच चुना गया।दूसरे मैच में सचिवालय वॉरियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 91 रन पर पूरी टीम गंवा दी। राजीव तड़ियाल ने 21 और पवन असवाल ने 18 रन बनाए। माइटी इलेवन की ओर से संतोष पांडे ने 4 विकेट, जबकि चंदू पुरोहित और अंकित नौटियाल ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए माइटी इलेवन ने 13 ओवर में 5 विकेट खोकर मैच जीत लिया। अरविंद दानू ने 37 रन बनाए। संतोष पांडे को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।इससे पूर्व उत्तराखंड कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एके शुक्ल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौके पर महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश ममगाई, क्लब अध्यक्ष अनिल नेगी, सचिव विनोद शर्मा, संयुक्त सचिव प्रदीप आगरी, मीडिया प्रभारी प्रियांशु आहूजा सहित पूरी कार्यकारिणी उपस्थित रही।

## भाजपा सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाए कार्यकर्ता

ऋषिकेश(संवाददाता)। विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। कहा कि कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। शुक्रवार को ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के भाजपा रायवाला मंडल की ओर से हरिपुरकलां में आयोजित "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026" में ऋषिकेश विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रतिभाग किया। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि सात सत्रों में आयोजित यह प्रशिक्षण महाभियान विभिन्न विषयों के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को सरल एवं प्रभावी तरीके से आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना है।

## संस्थान के मूल्यों और प्रतिबद्धताओं का स्मरण कराता है वार्षिकोत्सवः डा. अमित

ऋषिकेश(संवाददाता)। सीमा डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में शुक्रवार को स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के संस्थापक डॉ. आरके गुप्ता, मिसेज जयता गुप्ता, चेयरमैन डॉ. अमित गुप्ता, मिसेज अंकिता गुप्ता, कार्यकारी निदेशक अजय गर्ग, प्रिंसिपल डॉ. पी नारायण प्रसाद और डायरेक्टर डॉ. अनिरुद्ध गुरु प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से की। चेयरमैन डॉ. अमित गुप्ता ने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि संस्थान के मूल्यों, परंपराओं और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्मरण करने का अवसर है। प्रिंसिपल डॉ. पी नारायण प्रसाद ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों का विवरण दिया। कार्यक्रम में डॉ. तरुण शर्मा, डॉ. कल्पना चौधरी, डॉ. मुदित अग्रवाल, डॉ. अनिरुद्ध सिंह, डॉ. ज्योत्सना सेठ सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।एकेडमिक उपलब्धियों पर सम्मानफिजियोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम प्रकाश ने शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कारों की घोषणा की। वर्ष 2025 में विवि परीक्षाओं में विभिन्न विभागों के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। एमडीएस आर्थोडोन्टिक्स से डॉ. शुभम पटेल, कंजरवेटिव से डॉ. निकिता गुप्ता, प्रोस्थोडोन्टिक्स से डॉ. श्रद्धा चौहान, पिडोडोन्टिक्स से डॉ. पूजा पंवार, पेरियोडोन्टोलॉजी से डॉ. सनंदा चौधरी और ओरल मेडिसिन से डॉ. शिवनी कपरुवाण को सम्मान मिला। बीडीएस में प्रथम वर्ष के प्रभात सुमन, द्वितीय वर्ष की हर्षिता भदूला, तृतीय वर्ष की उर्वी गोयल तथा चतुर्थ वर्ष की माही गुप्ता और रोशनी रंजन को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।शिक्षकों और स्टाफ को भी नवाजासंस्थान के संस्थापक डॉ. आरके गुप्ता ने डॉ. प्रेम प्रकाश को बेस्ट टीचिंग अवार्ड से सम्मानित किया। इसके अलावा सुशील कुमार को बेस्ट नॉन-टीचिंग एडमिनिस्ट्रेटिव अवार्ड, सुनील उनियाल को बेस्ट पैरामेडिकल स्टाफ, मायाराम सेमवाल को बेस्ट सपोर्टिंग स्टाफ और अमित कुमार को बेस्ट हाउस कीपिंग स्टाफ का पुरस्कार दिया गया।

## बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ रखना पहली प्राथमिकताः गैरोला

ऋषिकेश(संवाददाता)। विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ रखना भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता है। सड़क, पेयजल, बिजली और स्वच्छता जैसे मूलभूत कार्यों को मजबूत कर ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। शुक्रवार को डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 2 आर्य नगर में कार्यक्रम हुआ, जिसमें स्थानीय विधायक बृजभूषण गैरोला ने 13.50 लाख की लागत से कार्यदायी संस्था एमडीडीए द्वारा निर्मित इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि डोईवाला विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड में संतुलित विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराए जा रहे हैं। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि नगर क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगर पालिका और राज्य सरकार के समन्वय से वार्डों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। स्थानीय सभासद सुरेश सैनी ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से वार्डवासियों की मांग थी, जो अब पूरी हुई है। इससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, रामकृष्ण, बूथ अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार, शैलेंद्र कौर, नीरज, रामकिशन, रिया सैनी, कृष्णकांत राजेंद्र प्रसाद धर्मेंद्र सिंह संजीव कुमार, विजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### वीकेंड पर जाम में फंसी एंबुलेंस, मुसाफिर हलकान

ऋषिकेश(संवाददाता)। वीकेंड पर शुक्रवार को ऋषिकेश शहर में फिर ट्रैफिक बेपटरी हो गया। दोपहर 12 बजे हरिद्वार बाईपास मार्ग स्थित इंद्रमणि बडोनी चौक पर करीब तीन घंटे तक जाम लगने से हरिद्वार से ऋषिकेश और मुनिकीरेती जाने वाले वाहनों की तीन किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं। जाम में कुछ देर तक एंबुलेंस भी फंसी रही, लेकिन किसी तरह से जाम से बचकर एंबुलेंस हरिद्वार के लिए निकल गई। दोपहर 12 बजे से श्यामपुर में भी जाम का झाम नजर आया। रेलवे फाटक और श्यामपुर पुलिस चौकी तिराहे पर वाहनों का दबाव बढ़ने से कभी स्लो ट्रैफिक, तो कभी वाहनों की लंबी कतारें जाम के रूप में दिखीं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव पंत द्वारा जेल रोड, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन जेल रोड, हल्द्वानी नैनीताल से मुद्रित। सम्पादक - राजेश पंत
फोन नं0- 05946-254443 प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/36647 email: jokhimhaldwani2013@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़ने के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com